To start the Construction Work of College

***93. Sh. SUBHASH SUDHA, M.L.A. (Thanesar):**

Will the Animal Husbandry and Dairying Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that the VLDA diploma college is to be constructed by the Lala Lajpat Rai Animal Husbandry University, Hisar in village Bhiwani Khera of Thanesar for which approximately 10 acres of land has been transferred to the Lala Lajpat Rai Animal Husbandry University, Hisar by Gram Panchayat; and

b) if so, the reasons for not starting the construction work of said college togetherwith the time by which it is likely to be constructed alongwith the details thereof?

JAI PARKASH DALAL, ANIMAL HUSBANDRY & DAIRYING MINISTER

a) Yes, Sir. There is a proposal to open a Government VLDA Diploma College, affiliated to Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences (LUVAS), Hisar in village Bhiwani Khera, district Kurukshetra.

b) The land measuring 10 acre 04 kanal 17 marla has been leased by the Gram Panchayat of village Bhiwani Khera, district Kurukshetra to Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences (LUVAS), Hisar on 09.03.2022 for a period of 33 years. The demarcation of said land has been completed on 20.12.2022.

   Lala Lajpat Rai University of Veterinary & Animal Sciences (LUVAS), Hisar will submit the project proposal in prescribed format for consideration to Government. The construction work of building of said college will be started after administrative-cum-financial approval from Government.

महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***93. श्री सुभाष सुधा, एम.एल.ए. (थानेसर):**

क्या पशुपालन और डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि थानेसर के गांव भिवानी खेड़ा में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय का निर्माण करवाया जाना है जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार को हस्तांतरित कर दी गई है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ न किए जाने के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

जय प्रकाश दलाल, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

क) हाँ, श्रीमान् जी। कुरूक्षेत्र जिले के भिवानी खेड़ा गांव में लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार से मान्यता प्राप्त एक राजकीय वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव है।

ख) भिवानी खेड़ा गांव, कुरूक्षेत्र की ग्राम पंचायत द्वारा लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार को 10 एकड़ 04 कनाल 17 मरला भूमि दिनांक 09.03.2022 को 33 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर दी गई है। उक्त भूमि की निशानदेही दिनांक 20.12.2022 को पूर्ण कर ली गई है।

लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार द्वारा निर्धारित प्रारूप में परियोजना प्रस्ताव सरकार को विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।